PTCUL

# पावर ट्रॉंसमिशन कारपोरेशन ऑफ उत्तराखण्ड लि0

(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
CIN:-U40101UR2004SGC028675
मानव संसाधन एवं प्रशासनिक विभाग
विद्युत भवन, नजदीक–आई0एस0बी0टी0 क्रासिंग, सहारनपुर रोड़, माजरा, देहरादून–248002
E-mail:- hr@ptcul.org
दूरभाष नं0 0135–2645249 फैक्स नं0 0135–2645249 वैबसाइटwww.ptcul.org

पत्रांक 967/मा0सं0एवंप्र0वि0/पिटकुल/एच–8 दिनांक : 19.06.2025

## कार्यालय–ज्ञाप

**अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस** के अवसर पर **दिनांक 21.06.2025 को प्रातः 07:00 बजे से श्री अजीत सिंह (योग गुरू), हरिद्वार योग केन्द्र, हरिद्वार** के द्वारा कारपोरेट मुख्यालय "विद्युत भवन" माजरा, देहरादून के प्रांगण में **योगा एवं प्राणायाम कार्यक्रम** आयोजित किया जायेगा। जो कि **ऑफ–लाईन/ऑन–लाईन** दोनों माध्यम से होगा।

इस सम्बन्ध में पिटकुल मुख्यालय में कार्यरत सहायक अभियन्ता एवं समकक्ष स्तर तथा उससे उच्च स्तर के समस्त अधिकारी **कारपोरेट मुख्यालय भवन माजरा, देहरादून के प्रांगण में दिनांक 21.06.2025 को प्रातः 06:45 बजे तक उपस्थित होंगे।**

**इसके अतिरिक्त पिटकुल मुख्यालय एवं अन्य कार्यालयों/उपकेन्द्रों/कार्यक्षेत्रों में तैनात समस्त कार्मिक (संविदाकर्मी एवं सुरक्षाकर्मियों को सम्मिलित करते हुए) इण्टरनैट/ऑन–लाईन माध्यम से योगा एवं प्राणायाम** कार्यक्रम में प्रतिभाग कर सकेंगे, जिस हेतु कार्मिक अपने घर पर मोबाईल/लैपटॉप/कम्प्यूटर पर **Google Meet App** डाउनलोड करेंगे। उक्त हेतु उन्हें **दिनांक 20.06.2025 की सांय को सूचना प्रौद्योगिकी विभाग, पिटकुल द्वारा SMS/Whatsapp के माध्यम से लिंक प्रेषित किया जायेगा।** लिंक प्राप्त कर प्रतिभागियों द्वारा **दिनांक 21.06.2025 को प्रातः 06:45 बजे** लिंक पर **Google Meet App** के माध्यम से लॉग–इन कर अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करानी होगी, जिससे कार्यक्रम निर्धारित समय पर प्रारम्भ किया जा सके।

पिटकुल के क्षेत्रीय कार्यालयों/कार्यस्थलों में कार्यरत कार्मिकों के योगा एवं प्राणायाम कार्यक्रम में प्रतिभाग की फोटो मानव संसाधन एवं प्रशासनिक विभाग की ई–मेल आईडी **hr@ptcul.org** पर भेजना सुनिश्चित करेंगे।

प्रबन्ध निदेशक

**पत्रांक : 967/मा0सं0एवंप्र0वि0/पिटकुल/एच–8 तद्दिनांक :**

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. निजी सचिव–प्रबन्ध निदेशक, पिटकुल, देहरादून को प्रबन्ध निदेशक महोदय के संज्ञानार्थ प्रेषित।
2. निजी सचिव/डाटा एन्ट्री आपरेटर–निदेशक (मा0सं0)/निदेशक (परिचालन)/निदेशक (परियोजना)/निदेशक (वित्त), पिटकुल, देहरादून को निदेशकगणों के संज्ञानार्थ।
3. समस्त मुख्य अभियन्ता/महाप्रबन्धक, पिटकुल, ..................................।
4. समस्त अधीक्षण अभियन्ता/उपमहाप्रबन्धक, पिटकुल, ..................................।
5. समस्त अधिशासी अभियन्ता, पिटकुल, ..................................।
6. अधिशासी अभियन्ता (सूचना प्रौद्योगिकी), पिटकुल, देहरादून को इस आशय से प्रेषित कि कृपया ऑन–लाईन योगा एवं प्राणायाम कार्यक्रम के लिये **Google Meet पर प्रशिक्षण हेतु दिनांक 20.06.2025 को लिंक** उपलब्ध कराने, ऑन–लाईन कार्यक्रम हेतु प्रतिभागियों के लिए दिशा–निर्देश एवं ऑन–लाईन प्रतिभागियों की उपस्थित एवं ऑन–लाईन कार्यक्रम हेतु अन्य आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करवाने का कष्ट करें तथा कार्यालय ज्ञाप को कारपोरेशन की बैवसाईट पर प्रदर्शित करवाने का कष्ट करें।
7. अधिशासी अभियन्ता, मुख्यालय भुगतान इकाई, पिटकुल, देहरादून को इस आशय से प्रेषित कि उक्त योगा एवं प्राणायाम कार्यक्रम हेतु आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने का कष्ट करें।
8. श्री अजीत सिंह (योग गुरू), हरिद्वार योग केन्द्र, हरिद्वार को सूचनार्थ प्रेषित।
9. समस्त कार्मिकों को इस आशय से प्रेषित कि उपरोक्त कार्यक्रम में उपरोक्तानुसार निर्धारित तिथि एवं समय पर प्रतिभाग करना सुनिश्चित करेंगे।

(ए0के0 जुयाल)
महाप्रबन्धक (मा0सं0) (औ0)